# यूरिया की महा किल्लत के बीच दो रैक आने से मिलेगी कुछ राहत

## वितरण के लिए खरीदी केन्द्रों को 2737 टन यूरिया आवंटित, रीवा और मऊगंज में दो रैक से आज मिलेगी यूरिया



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, यूरिया खाद को लेकर महासंकट के बीच अच्छी खबर यह है कि दो रैक रीवा-मऊगंज के लिये खाद आ रही है. जिसके बाद कुछ हद तक राहत मिलेगी और सोमवार से खाद का वितरण होगा. खाद के लिये कतार में लगे बेकसूर किसानो को लाठी खानी पड़ी. अगर यही खाद पहले आ जाती तो व्यवस्था न बिगड़ती और पुलिस को लाठी जार्च न करना पड़ता. हालाकि जितनी रैक आ रही है उससे मांग की कुछ हद तक पूर्ति होगी. लेकिन खाद का संकट बना रहेगा.**

सहकारी समितियों में जहा खाद उपलब्ध है वहा शनिवार और रविवार को खाद का वितरण किया जायेगा ताकि किसानो को दिक्कत न हो. रैक आने के बाद यूरिया की जो किल्लत है उसमे कमी आयेगी और किसानो को भी राहत मिलने की उम्मीद है.

किसानों के लिए 4 सितम्बर को देर रात यूरिया की दो रैक रीवा रेलवे स्टेशन पहुंच रही हैं. इनसे कुल 2737 टन यूरिया वितरण के लिए आ रहा है. इसे वितरण के लिए सभी वितरण केन्द्रों को आवंटित कर दिया गया है. अवकाश के बाद 8 सितम्बर से इसका वितरण किया जाएगा. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि भण्डारण केन्द्र चोरहटा को 350 टन, गुढ़ को 175 टन, चाकघाट को 150 टन, जवा को 150 टन तथा उमरी को 150 टन यूरिया खाद दी जा रही है. सहकारी समितियों से वितरण के लिए 1187 टन यूरिया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को दिया जा रहा है. विपणन केन्द्र रायपुर कर्चुलियान को 25 टन तथा विपणन केन्द्र चाकघाट को 25 टन यूरिया आवंटित किया गया है. मऊगंज जिले में मऊगंज को 250 टन तथा हनुमना को 250 टन यूरिया दिया गया है. विपणन केन्द्र मऊगंज को 25 टन यूरिया आवंटित किया गया है.

### राजस्व और कृषि अधिकारी बटवाएगें खाद

प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने गूगल मीट के माध्यम से जिले में खाद वितरण के लिए समन्वय बनाते हुए सुचारू ढंग से व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले को प्राप्त होने वाली खाद का डबल लाक के माध्यम से 8 सितम्बर से वितरण किया जाएगा. जबकि सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध होने वाली खाद का वितरण शनिवार 6 सितम्बर व रविवार 7 सितम्बर को भी किया जाएगा. प्रभारी कलेक्टर ने सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में खाद वितरण के लिए व्यवस्थाओं के संबंध में स्थानीय स्तर पर प्रचार माध्यमों से किसानों को अवगत कराएं.

### रीवा संभाग में हुई 9.96 लाख हेक्टेयर में फसलों की बुवाई

रीवा संभाग के सभी जिलों में इस वर्ष जून माह से ही अच्छी वर्षा होने के कारण खरीफ फसल की लक्ष्य से अधिक बुवाई हुई है. इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य 9.92 लाख हेक्टेयर के विरूद्ध 9 लाख 96 हजार 780 हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुवाई हुई है. खरीफ की मुख्य फसल धान है. धान के लिए निर्धारित लक्ष्य 6 लाख 98 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध संभाग में 7 लाख 12 हजार 600 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की गई है. इस संबंध में संयुक्त संचालक कृषि केएस नेताम ने बताया कि हाल ही में अच्छी वर्षा से धान सहित सभी फसलों की लक्ष्य से अधिक बुवाई हुई है.




# स्वीपर ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय में फेंके मांस के टुकड़े, पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, पीडब्ल्यूडी विभाग संभाग क्रमांक-1 कार्यालय में उस समय अफरा तफ री मच गई जब कार्यालय खुलने के बाद कर्मचारी और अधिकारी आफिस पहुंचे. पूरा आफिस गंध से पटा हुआ था.**

दरअसल विभाग में ही पार्ट टाइम सेवा देने वाले स्वीपर माधव प्रसाद द्वारा अनुरेखक कक्ष एवं कार्यपालन यंत्री कक्ष के सामने डीए कार्यालय में सड़े हुए मांस के टुकड़े फेंक दिए थे. यहां यह बता दें कि स्वीपर माधव द्वारा अनुरेखक संजय खरे से एक दिन पूर्व कहासुनी कर उनकी गाड़ी में मांस के टुकड़े फेंके थे एवं उन्हें मारने की धमकी दी गई थी. ऐसी स्थिति में अनुरेखक श्री खरे द्वारा कार्यपालन यंत्री को एक पत्र दिया गया था जिसके बाद गुरुवार को ईई नितिन पटेल द्वारा उक्त पत्र को फारवर्ड कर एसपी को भेज दिया. एसपी द्वारा दिए गए प्वाइंट के बाद सिविल लाइन एवं अमहिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई. जिस स्वीपर द्वारा ऑफिस में मांस के टुकड़े फेंके गए थे वह पुलिस के आने के पहले ही मौके से फरार हो गया. जबकि एक दूसरा स्वीपर वहां मौजूद था जिसे पुलिस ने पहले तो पकड़ा बाद में जब यह जानकारी मिली कि दूसरे स्वीपर द्वारा यह कारनामा किया गया है तब उसे छोड़ दिया गया.

पुलिस पूरे मामले की जांच करने के बाद मौके से थाना लौट गई. कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल ने कहा कि यह शर्मनाक हरकत है ऐसी हरकत पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए. हालांकि अभी तक उक्त स्वीपर के ऊपर एफ आईआर नहीं हुई.

## संक्षिप्त

### जीएसटी घटाने के निर्णय से होगा लाभ : योगेंद्र



**रीवा,** भाजपा नेता योगेंद्रशुक्लाने जीए सटी काउंसिल द्वारा टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ देश की 90 प्रतिशत आबादी करीब सवा सौ करोड़ लोगों के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को ताकत मिलेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी स्लैब में बदलाव के ऐतिहासिक फैसले से देश आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए कर ढांचे को नागरिक केंद्रित बनाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की बात कही थी और जीएसटी स्लैब में किया गया बदलाव यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने देश की बड़ी आबादी के हित में, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए जीएसटी दरों को 4 की जगह सिर्फ 2 स्लैब में समाहित करने का निर्णय लिया है, जो अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है.

### जीएसटी में सुधार से व्यापारियों में हर्ष



**रीवा,** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी सुधारों और कर दरों के पुनर्गठन को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार दिया है. कैट के अनुसार, इन सुधारों से छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और भारत की अर्थव्यवस्था को न केवल लाभ मिलेगा बल्कि यह कदम कर संरचना को सरल बनाएगा तथा उपभोग में भारी वृद्धि कर देश की आर्थिक गतिविधियों तथा व्यापार को नई गति देगा. कैट के प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह लकी ने कहा की इन सुधारों से देश को बहुआयामी लाभ होंगे. कम जीएसटी दरें उपभोक्ताओं को अधिक खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगी, जिससे बाज़ार की मांग बढ़ेगी वहीं बढ़ती मांग का सीधा लाभ छोटे दुकानदारों, खुदरा व्यापारियों और थोक विक्रेताओं को मिलेगा. विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली ने कहा की ये सुधार केवल टैक्स में बदलाव नहीं हैं, बल्कि भारत के व्यापार का स्वर्णिम अध्याय हैं और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक बड़ा कदम है. आने वाले समय में इसका असर न सिर्फ छोटे व्यापारियों पर बल्कि पूरे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा. रीवा के व्यापारियों में भी हर्ष व्याप्त है

### आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 10 को

**रीवा,** शासकीय संभागीय आईटीआई में 10 सितंबर को सुबह 10 बजे से प्लेंसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है. प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्योरफ्लक्स इंजन सिस्टम इंडिया प्रायवेट लिमिटेड गुरूग्राम में ट्रेनी आपरेटर इंजीनियर के पद के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है. आईटीआई के वर्ष 2023-24, 24-24, के प्रशिक्षणार्थी (इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल एवं कोपा) जिनकी उम्र 18 से 23 वर्ष है भाग ले सकते हैं. साक्षात्कार के लिये आवेदक सभी दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं.



### पीटीएस में हुई प्रतियोगिता

**रीवा,** मध्य प्रदेश पुलिस ड्यूटी मीट के अंतर्गत उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा सुरेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में रेंज स्तरीय कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता आयोजित गई. इस प्रतियोगिता में रीवा रेंज के समस्त जिलों के कुल उन्नीस प्रतिभागियों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में तीन इवेंट थे. प्रथम इवेंट कंप्यूटर अवेयरनेस का था, जिसमें आरक्षक 4252 राजश्री नायडू, जिला मैहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 1015 अखिलेश सिंह, जिला रीवा ने, द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. द्वितीय इवेंट ऑफिस ऑटोमेशन का था, जिसमें कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 1015 अखिलेश सिंह जिला रीवा ने ,प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा तृतीय इवेंट प्रोग्रामिंग एबिलिटी का था, जिसमें प्रधान आरक्षक 50 अंकित सिंह, जिला सिंगरौली एवं एक बार पुन: प्रधान आरक्षक 1015 अखिलेश सिंह, जिला रीवा ,दोनों ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है. उक्त सभी विजता 10.9.2025 को भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में रीवा रेंज की तरफ से भाग लेंगे. इस कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता को आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के अधिकारियों की टीम के उत्साहवर्धन हेतु डीआईजी के द्वारा कैश रीवार्ड प्रदाय किया गया है.

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर आज निकलेगा जुलूस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पूरी दुनिया की तरह रीवा मे भी जोशो खरोश एवं अकीदतमन्दी के साथ मनाये जाने की सारी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है.**

उक्त आशय की जानकारी प्रेस को जारी करते हुये संचालन समिति के प्रवक्ता एडवोकेट महमूद खान, वक्फ अंजुमन इस्लामिया स्कूल के अध्यक्ष एड0 आफताब आलम ने बताया कि 05 सितम्बर को शहर एवं जिले मे अल सुबह फज्र की नमाज़ के पहले सलातो सलाम का नज़राना पेश किया जायेगा तथा ज़िक्र-ए-रसूल पर मिलाद, तकरीर एवं फातेहा का एहतमाम किया जायेगा. वक्फ अंजुमन इस्लामिया स्कूल घोघर रीवा में सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरआनख्वानी के बाद सुबह 10:30 बजे फातेहा का ऐहतमाम किया गया है. जुमा होने की वजह से बाद नमाज़ जुमा मुख्य जुलूस दोपहर 02:30 बजे अंजुमन इस्लामिया स्कूल घोघर से रवाना होकर रिसालदार मस्जिद घोघर पंहुचेगा, जहां फातेहा एवं लंगर के बाद मुख्य जुलूस दोपहर 03 बजे पचमठा मार्ग एस.के. स्कूल के पीछे से सोनी बिल्डिंग फोर्ट रोड पहुचेगा. जहां बिछिया एवं तरहटी का जुलूस भी मुख्य जुलूस मे शामिल हो जायेगा और यहां से पूरा जुलूस बड़ी दरगाह शरीफ अमहिया पंहुचेगा.



# कार्यशाला में इतिहास के अज्ञात तथ्यों पर डाला गया प्रकाश

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के इतिहास विभाग द्वारा कार्यशाला एवं फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यशाला का विषय मध्यकालीन इतिहास के अज्ञात तथ्यों का फिल्मों में चित्रण था तथा मध्यकालीन ऐतिहासिक शोध से संबंधित धर्मयोद्धा फिल्म का प्रदर्शन किया गया.**

संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के निर्देशन एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ महानंद द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मिश्रा थे, कार्यशाला के मुख्य वक्ता सूरज नारायण पाण्डेय थे, जिन्होंने धर्म योद्धा फिल्म की स्टोरी लिखी है. इन्होंने अपने उद्बोधन में मध्यकालीन इतिहास के अज्ञात तथ्यों पर प्रकाश डाला तथा फिल्मों में दिखाए जाने वाले इतिहास की वास्तविकता, उपयोगिता एवं महत्व को बताते हुए अनछुए पहलुओं को प्रस्तुत किया. यह कार्यक्रम इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अजय शंकर पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के आयोजक सचिव डॉ अश्वनी द्विवेदी ने किया एवम आभार प्रदर्शन डॉ सुधाकर दुबे ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में डॉ सुशील दुबे, डॉ पूनम मिश्रा, डॉ संजय शंकर मिश्रा, डॉ कल्पना अग्रवाल, डॉ आर पी ओझा, उपस्थित रहे.



गणेश प्रतिमा विसर्जन घाट का निरीक्षण करते प्रभारी कलेक्टर और एसपी

# अधिवक्ता कुंवर प्रताप सिंह की माता का दु:खद निधन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, रीवा न्यायालय के अधिवक्ता कुंवर प्रताप सिंह की माता श्रीमती सोनकली सिंह का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया है.**

बेहद मृदुभाषी स्वभावकी थी और सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थी. उनके निधन पर नोटरी महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी पूर्व सचिव श्रीकांत तिवारी राम गोपाल तिवारी सतीश शुक्लाअधिवक्ता लाल प्रताप सिंह पुरुषोत्तम पाठकअनुराग श्रीवास्तव पुष्पेंद्र सिंह चौहान अनुपम श्रीवास्तव रामराज पटेल शंकर सिंह चंदेल राकेश कुमार निगम देवेंद्र सिंह योगेंद्र शुक्ला राबेद्र सिंह संजीव सिंह बघेल राजेश तिवारी संतोष मिश्रा हीरालाल वर्मा, श्री सिद्दीकी सहित अधिवक्ताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.

# गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल घाटों पर किया जायेगा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, शहर में कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित करके गणेश उत्सव मनाया जा रहा है. घरों में भी गणेश प्रतिमाएं विराजी गई हैं.**

गणेश उत्सव का का समापन 6 सितम्बर अनंत चतुर्दशी को होगा. इस दिन पूजा-अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के साथ शहर में निर्धारित गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया. रीवा शहर में छतुरिहा घाट, करहिया घाट एवं बिछिया घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. इनके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर प्रतिमाओं के विसर्जन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. निरीक्षण के समय अधिकारियों को निर्देश देते हुए प्रभारी कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि तीनों प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, प्रकाश, वाहन पार्किंग, बैरिकेडिंग आदि की समुचित व्यवस्था करें. नदी में वर्तमान में तेज जल प्रवाह है. श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी से प्रतिमाओं का विसर्जन कराएं. विसर्जन स्थलों में पर्याप्त पुलिस बल एनडीआरएफ की टीम, गोताखोर तथा नगर निगम के कर्मचारी तैनात रहेंगे. डॉ सोनवणे ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम कुण्ड बनाए गए हैं. इनमें भी प्रतिमाओं का विसर्जन करें. नदी में तेज बहाव में किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती है. फूल मालाएं और अन्य पूजन सामग्री विसर्जन स्थल पर बनाए गए निर्धारित निर्माल्य कलशों में डालें जिससे नदी को प्रदूषण से बचाया जा सके. पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने अधिकारियों को घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए. निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन सहित अधिकारी मौजूद रहे.

# खाद के लिये किसानों पर लाठी चार्ज के बाद जागी कांग्रेस, दिया अल्टीमेटम

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, वोटर अधिकार सत्याग्रह के साथ विभिन्न समस्याओ को लेकर मनगवां, रायपुर कर्चुलियान, हुजूर तहसील में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा गया. कांग्रेस ने खाद के मुद्दे को लेकर कहा कि तीन दिन के भीतर खाद अगर नही मिली तो हाइवे जाम करेगे. जिले के सभी तहसीलो में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा गया.**

हुजूर तहसील का घेराव महापौर अजय मिश्रा बाबा की अगुआई में किया जाकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया. रीवा महापौर ने भाजपा की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा की दमनकारी नीतियों से कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है जबकि हम जानते है कि भाजपा के पास पुलिस के रूप में पूरे प्रदेश में गुण्डें हैं जो कांग्रेस के लोगों द्वारा किये जा रहे प्रत्येक विरोध की स्थिति में लाठी चार्ज और हिंसा का सहारा लेते हैं. उनकी यह कार्य शैली उनके अंत की पृष्ठभूमि लिख रही है.

कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष



अशोक पटेल, कविता पाण्डेय, धनेन्द्र सिंह पटेल, सज्जन पटेल, पंकज शास्त्री, पद्मदीप शुक्ला, रामकीर्ति शर्मा, मोहम्मद हाफिज, उमेश सिंह, एस पी एस तिवारी, विद्यावती पटेल, गोविंद शुक्ला, डा0 अरूण तिवारी, शीला त्यागी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल मौजूद रहे.

### कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जाम लगाने का अल्टीमेटम

मनगवां में कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार एवं रीवा जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार इस तरह का संवेदनहीन ही रवैया पूर्व में कभी नहीं रहा जिसका परिणाम आगामी चुनाव में भाजपा को अवश्य रूप से भुगतना पड़ेगा क्योंकि अब देश की जनता वोट चोरी को समझ चुकी है साथ ही प्रदेश के किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों और व्यापारियों के प्रति उदासीनता अब बर्दास्त से बाहर है. श्री शर्मा ने आगे चेतावनी भरे शब्दों में प्रशासन को आगाह कि यदि 3 दिवस के भीतर खाद की समस्या यदि हल नहीं की गई तो जिला कांग्रेस कमेटी जिले के किसानों के साथ नेशनल हाईवे को चाकघाट और हनुमना से लेकर बेला तक जाम करेगी.

# सहायक यंत्री मेंटीनेंस के तुगलकी आदेश से तकनीकी संघ नाराज

## मुख्य अभियंता से मिलकर दर्ज कराई शिकायत



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 सितम्बर, विद्युत विभाग शहर संभाग के एई मेंटीनेंस राजेश सनोडिया द्वारा किये गये तुगलकी से नाराज तकनीकी कर्मचारी संघ ने मुख्य अभियंता से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की है और एई द्वारा निर्देशित पत्र को निरस्त करने की मांग रखी. प्रांतीय उपाध्यक्ष वैदेही शरण चतुर्वेदी के साथ प्रतिनिधि मंडल मिलने पहुंचा.**

दरअसल एई मेंटीनेंस द्वारा 3 सितम्बर को आदेश जारी किया गया. जिसमें उल्लेख किया गया कि विद्युत सब स्टेशनो की साफ सफाई एवं दस्तावेजो को कार्यरत परीक्षण सहायक, लाइन कर्मचारी सुनिश्चित करे. आदेश से नाराज परीक्षण सहायक एवं लाइन कर्मचारियों का कहना है कि आदेश नियमो के विपरीत है, उपकेन्द्रो में साफ सफाई एवं अन्य कार्य कके लिये रिवाल्विंग फंड जारी होता है और उस फंड से साफ सफाई कराई जानी चाहिये. तृतीय श्रेणी कर्मचारी को उप केन्द्र की साफ-सफाई घांस काटने के लिये आदेश जारी करना अनुचित है. यह कही से न्यास संगत नही है. नाराज तकनीकी कर्मचारी संघ ने मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र श्रीमती प्रमा पाण्डेय से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और एई द्वारा जारी पत्र को निरस्त करने की मांग की है.

### अन्य सुविधा के लिये ध्यान नहीं

शहर के सब स्टेशनो में कुर्सी आलमारी फर्नीचर उपलब्ध नही है और न ही यार्ड में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था है. लेकिन इस ओर ध्यान न देकर सहायक अभियंता के माध्यम से तकनीकी कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है. उपकेन्द्रो में संचार की व्यवस्था बार-बार अनुरोध के बाद भी नही की गई. प्रांतीय उपाध्यक्ष वैदेही शरण चतुर्वेदी के साथ प्रतिनिधि मंडल मुख्य अभियंता से मिलकर अपनी मांग रखी. इस दौरान आरएस द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.